# शोध-आलेख हेतु आमन्त्रण

**Website- https://www.samajdharmevamdarshan.org.in/**

**शोध-पत्रिका- समाज धर्म एवं दर्शन**
**विषय क्षेत्र- दर्शनशास्त्र, धर्म, ज्योतिष, नीतिशास्त्र, अध्यात्म, समाज-विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परम्परा के अन्य विषयादि।**
**प्रकाशन भाषा- हिन्दी, अंग्रेजी, अथवा संस्कृत।**
**आइ० एस० एस० एन०- 0974-9764**

प्रिय अध्येता,

**'समाज धर्म एवं दर्शन'** श्री भुवनेश्वरी विद्या-प्रतिष्ठान की एक प्रतिष्ठित, अभिनिर्णित त्रैमासिक शोध-पत्रिका है जिसका पंजीकरण एवं नामकरण एवं प्रकाशन वर्ष १९८३ में प्रारम्भ हुआ। प्रकाशन का प्रयोजन हिन्दी भाषा के माध्यम से दर्शन, समाज-विज्ञान, धर्मशास्त्र, आयुर्वेद एवं ज्योतिषादि विद्याओं के सन्दर्भ में ज्ञानवर्द्धक एवं मौलिक लेखों का प्रकाशन करना एवं प्राच्य विद्या के उत्तम अंशों को प्रकट करना रहा है। पत्रिका के आरम्भिक अंकों में पद्मभूषण आचार्य राजाराम शास्त्री, पद्मभूषण आचार्य पट्टाभिराम शास्त्री, पद्मभूषण आचार्य बलदेव उपाध्याय, अभिनव पाणिनि के नाम से सुविख्यात आचार्य रामप्रसाद त्रिपाठी सदृश वरिष्ठ आचार्यों के लेख प्रकाशित किए गए हैं। वर्तमान में भी दर्शन, साहित्य, ज्योतिष एवं इतिहास से जुड़े अनेक आचार्यों के लेखों का निरन्तर प्रकाशन हो रहा है। इसी क्रम में यह त्रैमासिक शोध-पत्रिका आचार्यों, प्राध्यापकों, अध्येताओं से मौलिक एवं गुणवत्तापूर्ण शोध-आलेखों को आमन्त्रित करती है। सभी प्राप्त शोध-पत्रों की समीक्षा तत्सम्बन्धी विषय-विशेषज्ञों से कराए जाने के उपर्यन्त ही प्रकाशन हेतु अग्रसारित किया जाएगा।

**प्रकाशन-नियम-**

- लेखकों से निवेदन है कि वे अपने शोध-पत्र कृतिदेव ०१० फॉन्ट में ही प्रेषित करें।
- शोध-पत्र का सारांश अवश्य लिखें।
- शोध-पत्र में प्रयुक्त विशेष शब्दावलियों को प्रारम्भ में अवश्य लिखें।
- सन्दर्भ के लिए ए०पी०ए० स्टाइल ही अपनाएं।
- शोध-पत्र के साथ उचित स्थान पर अपना पूरा पता, दूरभाष संख्या तथा ई-मेल आदि अवश्य लिखें।

**शोध-पत्र प्रेषण सम्बन्धी सूचना-**

- शोध-पत्र ई-मेल info@samajdharmevamdarshan.org.in पर प्रेषित करें।
- शोध-पत्र सारांश प्रेषण की अन्तिम तिथि १५ मार्च २०२५ तथा पूर्ण आलेख भेजने की अन्तिम तिथि १५ अप्रैल २०२५ है।